तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025



11 भाजपा के चार मंडलों की संयुक्त बैठक में संगठनात्मक...





12 पीजी सीट आवंटन नीति पर विवाद, डॉक्टरों छात्रों...






## खबर संक्षेप



### कार-हार्वेस्टर की भिड़ंत चालक की मौके पर मौत

**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी में जुगाड़ और तौरेंगा के मध्य सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें कार और हार्वेस्टर में जबरदस्त भीड़त होने से वाहन चालक की दबने से मौत हो गई। मामले की जानकारी लगते ही एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम मौके पर स्थितियों का जायजा लिया और घायलों को मैनपुर अस्पताल भेजा।

### शिवाजी चौक में सीसी रोड क्रांक्रीटीकरण का शुभारंभ कल

**राजिम।** राजिम-फिंगेश्वर मार्ग पर शहर के शिवाजी चौक में सीसी रोड क्रांक्रीटीकरण का शुभारंभ 10 दिसंबर को सुबह 10 बजे विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि शिवाजी चौक की स्थिति बहुत ही दयनीय है। सड़कों पर जगह-जगह गढ्ढे हो गए हैं। हालांकि इस रोड के खस्ताहाल को देखते हुए विधायक श्री साहू ने इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए करोड़ों रूपए की राशि स्वीकृत कराया है जो बहुत जल्द बनेगा। परंतु अभी के हालात को देखते हुए विधायक रोहित साहू के पहल और निर्देश पर तात्कालिक रूप से सीसी रोड क्रांक्रीटीकरण का काम किया जा रहा है ताकि लोगों को इन गढ्ढों और खराब सड़क से छुटकारा मिल सके।



### मॉर्निंग वॉक करने गया युवक बाइक की टक्कर से घायल

**महासमुंद।** मॉर्निंग वॉक पर गया एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को कृष्णचंद बरिहा ग्राम पंडकीपाली ने बताया कि 07 दिसंबर को सुबह लगभग 5 बजे उसका बेटा मनोज कुमार बरिहा अपने दोस्तों कोमल निषाद, डोलामणि चौधरी के साथ में पैदल मॉर्निंग वॉक में ग्राम पड़कीपाली से पड़कीपाली नाला की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीजी 5805 के चालक ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण व लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मनोज बरिहा के सिर व बांये पैर में चोट आई है। 281, 125 (ए) बीएनएस, अन्य विधान एवं धाराएं 184 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**प्रदर्शन :** एक सप्ताह में मक्का खरीदी समर्थन मूल्य पर प्रारंभ नहीं करने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# मैनपुर में किसानों का गुस्सा फूटा, मक्का खरीदी शुरू नहीं होने पर एसडीएम कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को सैकड़ों किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी अब तक शुरू नहीं होने से नाराज़ किसानों ने रैली निकाली और ज़ोरदार नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। किसानों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें एक सप्ताह के भीतर मक्का खरीदी शुरू न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर और देवभोग क्षेत्र में सैकड़ों किसानों ने हजारों हेक्टेयर (वरिष्ठ किसान नेताओं के अनुसार 20 हजार हेक्टेयर से अधिक) भूमि पर मक्का की फसल ली है। विगत वर्षों में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धान खरीदी के साथ ही मक्का खरीदी भी समर्थन मूल्य पर शुरू कर दी जाती थी। इस वर्ष अब तक खरीदी को लेकर कोई तैयारी नज़र नहीं आ रही है, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों किसान परेशान हैं और लगातार सहकारी सोसाइटियों का चक्कर लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि खून-पसीने की मेहनत से उगाई गई मक्का को वे बिचौलियों को 1500 से 1600 प्रति क्विंटल के औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं।





### एक सप्ताह में खरीदी शुरू करें, अन्यथा होगा चक्काजाम

परेशान किसानों ने सोमवार किसान संघर्ष समिति के बैनर तले मैनपुर में रैली निकाली और अपनी मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम सिंह कपिल ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक मक्का का समर्थन मूल्य भी तय नहीं किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर किसानों के मक्का खरीदी के लिए राज्य सरकार द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया, तो किसान सड़क की लड़ाई लड़ने, धरना प्रदर्शन और चक्का जाम करने के लिए मजबूर होंगे। जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम-कृष्ण ध्रुव ने बताया कि किसान खाद-बीज की बढ़ती कीमतों और बारिश में हुए नुकसान के बाद अब जब फसल कटकर तैयार है, तो समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू नहीं हो रही है। इस गंभीर समस्या की ओर शासन-प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### विरोध प्रदर्शन में ये नेता रहे शामिल

इस मौके पर किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम कपिल, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, सचिव एलियाल बाघमार, बलिराम ठाकुर, वरिष्ठ किसान नेता प्रेमसाय जगत, छबि दीवान, खेलेन दीवान, सहदेव सांडे, जिलेन्द्र नेगी, सोहन नागेश सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीओपी पुलिस श्री कुजुर एवं थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

# महानदी का होगा कायाकल्प रेस्ट हाउस में कल होगी बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में महानदी की हालत को देखकर विधायक रोहित साहू एक शानदार पहल करने जा रहे है। इसी तारतम्य में कल बुधवार 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे रेस्ट हाऊस राजिम में गणमान्य नागरिकों की एक बैठक आयोजित किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि विधायक श्री साहू महानदी के तटबंध में पैदल चलते हुए सोमवार को नदी की हालत देखकर एक बैठक करने जा रहे है जिसमें राजिम और नवापारा शहर सहित मगरलोड ब्लॉक के गणमान्य नागरिको को आमंत्रित किया जा रहा है। इस बैठक में महानदी की सफाई को लेकर गहन विचार-विमर्श कर फै सला लिया जाएगा। बैठक में मौजूद लोग अपने विचार रखेंगे। बता दें कि महानदी काफी प्रदूषित हो गई है। हालत दयनीय है। लगभग 2 किलोमीटर के क्षेत्र में महानदी छोटे-छोटे पोखरनुमा गढ्ढों में कीचड़ सैलाब एवं कटीली झाड़ियां से अटा पड़ा हुआ है। बहाव बंद हो जाने से दलदल जैसा हो गया है। इसकी दयनीय स्थिति से नगरवासी एवं श्रद्धालुओं में भारी क्षोभ एवं चिंता है। रोज सैकड़ों की संख्या में छत्तीसगढ़ के धार्मिक आस्था की नगरी राजिम में भगवान श्रीराजीव लोचन, श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए लोग आते है मगर उन्हें निराशा होती है। क्योंकि त्रिवेणी संगम का पानी बहुत ज्यादा प्रदूषित है। विधायक श्री साहू चाहते है कि साल भर महानदी की साफ एवं स्वच्छ अविरल जलधारा बहती रहे ताकि श्रद्धा और आस्था लेकर राजिम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को निराशा न हो।

# 29 दिन में 31.77 लाख रुपए का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

दीगर राज्यों से जिले की सीमा में होने वाले अवैध धान परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए गरियाबंद पुलिस लगातार सख्त अभियान चला रही है। पिछले 29 दिनों में पुलिस ने कुल 29 प्रकरणों में 2370 कट्टा यानी 1000.25 क्विंटल अवैध धान जप्त कर लगभग 31 लाख 77 हजार 500 रुपये मूल्य का धान संबंधित विभाग को सुपुर्द किया है। दिनांक 08 दिसंबर को थाना अमलीपदर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम धुरवापथरा तेलनदी और बिरिघाट पटेलपारा मार्ग से दो ट्रैक्टर और एक 1109 ट्रक के जरिए भारी मात्रा में अवैध धान बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों वाहनों को रोककर कुल 314 कट्टा यानी 141.3 क्विंटल अवैध धान जिसकी कीमत लगभग 4 लाख 38 हजार 30 रुपये है, उसे जप्त किया। आज की कार्रवाई में 1109 ट्रक क्रमांक सीजी 04-एनटी -5317 से







200 कट्टा, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04-एनवी-1449 से 57 कट्टा और बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर से 57 कट्टा अवैध धान बरामद किया गया। बिना नंबर प्लेट वाले वाहन पर एम.वी. एक्ट के तहत पृथक से कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बार्डर चेकपोस्टों पर तैनात पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों के लिए निर्धारित है, इसलिए बाहरी राज्यों से आने वाले संदिग्ध वाहनों और अवैध गतिविधियों पर विशेष सतर्कता रखी जा रही है। अभियान के दौरान देवभोग और अमलीपदर थाना क्षेत्रों में संयुक्त रूप से 2370 कट्टा अवैध धान, कुल 1000.25 क्विंटल जिसकी बाजार कीमत लगभग 31 लाख 77 हजार 500 रुपये है, उसे जब्त किया गया है। अवैध परिवहन के दौरान किसी भी वाहन चालक ने वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। इस कारण वाहनों में भरे धान को विधि अनुसार जप्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध धान परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी कड़ाई से जारी रहेगा।

## धान खरीदी केंद्रों पर लगी भारी भीड़ टोकन और परिवहन बनी चुनौती



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में धान खरीदी युद्धगति पर किया जा रहा है। अब धान खरीदी केंद्रों में भारी भीड़ लग रही है। धान खरीदी के शुरूआती दौर में उपार्जन केंद्रों में धान की आवक भले ही कमजोर रही लेकिन अब इसकी रफ्तार तेज हो चुकी है इतनी तेज कि किसानों को टोकन प्राप्त करने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है क्योकि प्रत्येक खरीदी केन्द्र की लिमिट तय है साथ ही परिवहन नहीं होने के कारण धान जाम होने लगी है।



## उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व टीम ने जिंदा पैंगोलिन के साथ दो तस्करों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

एक बार फिर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम ने ओड़िशा सीमा में बड़ी कार्यवाही करते हुए दुर्लभ वन्यप्राणी जिंदा पेंगोलियन के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप, अरुण पांडेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, सतोविशा समाजदार मुख्य वनसंरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर छत्तीसगढ़, वरुण जैन उपनिदेशक उदंती सीतानदी ▶▶|शेष पेज 11 पर

**राजिम में माघ पूर्णिमा 1 फरवरी से महाशिवरात्रि से, 15 फरवरी तक लगेगा मेला**

# राजिम कुंभ कल्प मेले की तैयारियां तेज, विधायक ने किया कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में माघ पूर्णिमा 1 फरवरी से महाशिवरात्रि 15 फरवरी तक नवीन मेला मैदान में लगने वाले कुंभ कल्प मेला का विधायक रोहित साहू ने निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्रों में शामिल राजिम के नवीन मेला मैदान में चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का सोमवार को पूरा दिन विधायक रोहित साहू ने मैदान से लेकर पैदल चलते हुए नदी के बीच निर्माणाधीन गंगा घाट का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान पूरे निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और बहुत ही शानदार बनाने के लिए अफसरो एवं संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिया। विधायक श्री साहू मेला क्षेत्र में फोरलेन और टू लेन सड़क बनाए जाने को लेकर अफसरो से चर्चा किया। गंगा घाट से रावणभांठा मार्ग के कायाकल्प को लेकर विधायक श्री साहू गंभीर दिखे स्थल निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रवेश द्वार, गंगा घाट, राजिम ब्रिज से चौबेबांधा ब्रिज तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण तथा कंट्रोल रूम जैसे अहम कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया। निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों एवं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को शीघ्र ही इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। कहा कि नवीन मेला मैदान राजिम की पहचान को और अधिक भव्य स्वरूप देगा तथा यहां आधुनिक ▶▶|शेष पेज 11 पर





### लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश

विधायक साहू ने बताया कि यहां बनने वाला भव्य प्रवेश द्वार मेला स्थल की सुंदरता और गरिमा का प्रतीक बनेगा। वहीं गंगा घाट का निर्माण श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक स्नान स्थल उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा कंट्रोल रूम के निर्माण से आगामी मेले, धार्मिक आयोजनों और भीड़ प्रबंधन सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं के संचालन में सहायता मिलेगी। राजिम ब्रिज से चौबेबांधा ब्रिज तक बनने वाली फोरलेन सड़क से यातायात व्यवस्था मजबूत होगी, जिससे मेला, पर्व-त्योहार और कुंभ कल्प जैसे बड़े आयोजनों के समय श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। विधायक रोहित साहू ने अधिकारियों को कार्य की गति बढ़ाने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारी सरकार श्रद्धालुओं और आम जनता के लिए बेहतर, सुरक्षित और विकसित बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नवीन मेला मैदान का विकास राजिम को प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में नई पहचान दिलाएगा। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण करने के निर्देश दिए।




## खबर संक्षेप



### सम्मान समारोह में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना द्वारा सम्मान समारोह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि नई पीढ़ी को सुसंस्कृत बनाने के लिए बुजुर्गों का योगदान हमेशा रहता है। आज भी बुजुर्गों के अनुभव और सीख को आत्मसात कर भावी पीढ़ी नई सोच के साथ विकास की ओर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को हर दिन मान-सम्मान देकर उनकी सीख और अनुभवों का लाभ लेना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों को गमछा एवं फल भेंटकर सम्मानित किया गया।



### पारस ने जीता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे के नेतृत्व में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो कि 5 से 7 दिसंबर ई. राघवेंद्र राव शासकीय स्नात. विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित किया गया था। महाविद्यालय के छात्र पारस तारक ने 100 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया 100 मीटर दौड़ पारस ने 10.80 सेकंड में पूरा कर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। वहीं वेद प्रकाश पटेल ने भाला फेंक में 45.44 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक प्राप्त किया।

# अंडरट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया निरीक्षण, जेल में व्यवस्था को ठीक पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- उप जेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण पर की गई चर्चा





जिला जेल में अंडरट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा जेल का ऑकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, सिविल जज प्रियदर्शन गोस्वामी एवं अदित्य जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडे, डिप्टी कलेक्टर अक्षा गुप्ता, पुलिस निरीक्षक शरद दुबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के शासकीय अधिवक्तागण, सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कमेटी के सदस्यों द्वारा समस्त बैरकों में जाकर बंदियों की समस्या संबंधी जानकारी ली गई, जिसमें विधिक, खान-पान, स्वास्थ्य संबंधी, जेल सुरक्षा आदि शामिल है। कमेटी ने जेल की संपूर्ण व्यवस्था को ठीक पाया। कमेटी द्वारा प्रमुख रूप से बंदियों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था, परिरूद्ध बंदियों के पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कराए जाने हेतु प्राथमिकता, जेल विस्तारीकरण हेतु वर्तमान जेल के पीछे जेल विभाग को आबंटित जमीन का सीमांकन, आधुनिक विडियों कांफ्रेंसिंग रूम, आधुनिक मुलाकात कक्ष, एनसीआरबी के द्वारा सेटअप एमसीयू रूम, सरायपाली में 300 की क्षमता के उप जेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण एवं जेल निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

**आयोजन:** 26 नवीनीकरण, 10 व्यक्ति उपकरणों के लिए चिन्हांकित

# शिविर में 304 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, 152 लोगों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत महासमुंद जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण, प्रमाण पत्र नवीनीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर तथा समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में 08 दिसंबर को विकासखंड महासमुंद अंतर्गत नगर पंचायत तुमगांव में सियान क्लब, वार्ड क्रमांक 07 में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 304 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, जिनमें 152 ने पंजीयन कराया, 71 व्यक्तियों का प्रमाणीकरण किया गया, 26 प्रमाणपत्रों का नवीनीकरण हुआ, 10 व्यक्तियों के लिए विभिन्न उपकरणों का चिन्हांकन किया गया तथा यूडीआईडी कार्ड हेतु 97 फार्म संकलित किए गए।

शिविर जिला मेडिकल बोर्ड, जिला चिकित्सालय महासमुंद की चिकित्सक टीम, समाज शिक्षा संगठक हेमराज सोनबेर, जनपद पंचायत महासमुंद एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति और समन्वय में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### जिला पंचायत सीईओ ने की वीसी के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा



**महासमुंद।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा सोमवार को जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने की। बैठक में जिला पंचायत कार्यालय की सभी संबंधित शाखाओं के प्रभारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीओ, परियोजना अधिकारी, तकनीकी सहायक एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ नंदनवार ने महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण तथा पूर्व वर्ष के अपूर्ण और प्रगति पर चल रहे कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्यों की स्वीकृति हेतु आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र भेजने पर भी जोर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए सीईओ नंदनवार ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि सभी स्वीकृत आवासों की प्रगति समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालय, वॉटरशेड, सेग्रिगेशन शेड सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जिले में संचालित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पालिका प्रस्ताव को शासन की मुहर

# अध्यक्ष के प्रयास से 2.40 करोड़ रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- संयंत्र स्थापित करने व स्थापित संयंत्रों के उन्नयन की दिशा में होगी कार्रवाई



स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत कचरा प्रसंस्करण की स्थापना के लिए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के प्रयास से पीआईसी द्वारा पारित प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 9वीं बैठक में 2 करोड़ 40 लाख 67 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। अब शीघ्र ही संयंत्र स्थापित करने व स्थापित संयंत्रों के उन्नयन की दिशा में कार्रवाई होगी।

पालिका अध्यक्ष साहू ने बताया कि ठोस प्रबंधन घटक अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में सूखे एवं गिले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं स्थापित संयंत्रों की उन्नयन के लिए राशि स्वीकृत होने से कचरा प्रबंधन को गति मिलेगी। प्रसंस्करण की स्थापना के लिए शासन द्वारा प्रस्ताव मांगा गया था। जिसमें नगर पालिका ने प्रस्ताव तैयार किया था। जिसे प्रेसिडेंट इन कौसिंल ने उक्त प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। जिसे भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा लागू स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) की 9वीं बैठक के एजेंडा क्रमांक 5 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्लयूएम) घटक अंतर्गत नगर पालिका परिषद महासमुंद में सूखे एंव गीले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं स्थापित संयंत्रों के उन्नयन/विकास तथा 5 वर्ष के लिए संचालन-संधारण के लिए राशि दो करोड़ चालीस लाख 67 हजार रुपये स्वीकृत की गई है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

# अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में अटल कप का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




शहर के मिनी स्टेडियम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के 101वीं जयंती को यादगार बनाने के लिए अटल कप रात्रिकालीन क्रिकेट का आयोजन पूर्व पार्षद पूर्व पार्षद महेंद्र जैन एवं साथी दिनेश रूपरेला, आकाश पांडे, रविंद्र जैन द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा संजय श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने की।

मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रतियोगिता उस महान व्यक्ति के याद में किया जा रहा है जिनके द्वारा नवंबर 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की गई थी। आयोजक मंडल द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। तत्पश्चात दो मैच खेले गए। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन लक्ष्मीकांत तिवारी एवं आभार प्रदर्शन दिनेश रूपरेला ने किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि चंद्रहास चंद्राकर, सरला कोसरिया, ऐतराम साहू, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, इंद्रजीत सिंह खालसा, वरुण साहू के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, संदीप घोष, किरण ढीढी, आनंद साहू, आशुतोष जोशी, तोरण ध्रुव, शिवम चंद्राकर, विकास औसर, रजा चौहान, उषा पाल आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय दो दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन आज से जिला प्रशासन एवं खेल तथा युवा कल्याण विभाग द्वारा शंकराचार्य भवन एवं मंगल भवन खैरा में किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा महोत्सव के सफलतापूर्वक संचालन के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया है। आयोजन स्थल में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को दी गई है, नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्णायकों और शिक्षकों की ड्यूटी लगाने, आयोजन की प्रारंभिक तैयारी, प्रतिभागियों के पंजीयन, सूची एवं परिणाम तैयार करने तथा विद्यार्थियों की उत्कृष्ट भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आयोजन स्थल पर मेडिकल किट और प्राथमिक/आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। माई भारत महासमुंद द्वारा प्रतिभागियों के पंजीयन और पुरस्कार वितरण में सहयोग किया जाएगा। उद्यानिकी विभाग द्वारा समारोह स्थल की सजावट व्यवस्था की जाएगी। परिवहन विभाग आवागमन हेतु वाहनों की व्यवस्था करेगा और जनपद पंचायतें ग्राम पंचायतों के उत्कृष्ट कलाकारों को सूचना देकर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आयोजन स्थल की तैयारी, विभागीय समन्वय, आदिवासी विकास विभाग द्वारा आवश्यक कार्य हेतु कर्मचारियों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का मंच संचालन रेखराज शर्मा और टेकराम सेन द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि आपसी समन्वय के साथ युवा महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं।

### पटेवा में निर्माणाधीन महतारी सदन का विधायक ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश



**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पटेवा में निर्माणाधीन महतारी सदन का सोमवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उन्होंने निर्माण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। उन्होंने निर्माण कार्य का पूरा जायजा लेते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने ही हिदायत दी। इस दौरान भाजपा नेता पवन पटेल, रमेश साहू, संदीप घोष, सुनील पटेल, टीकाराम पटेल, प्रकाश पटेल, शरद मराठा सहित अन्य उपस्थित थें।

# पार्षद ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर किया गृह संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर, 'गृह संपर्क अभियान' के तहत सुभाष नगर बस्ती में डोर-टू-डोर जाकर वार्ड क्रमांक 21,22 और 23 के निवासियों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान प्रत्येक घर पर जाकर भारत माता के चित्र के साथ एक विशेष पत्रक एवं पुस्तिका वितरित की। युवाओं के माध्यम से सुभाष नगर बस्ती के निवासियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, विचारधारा और समाज के प्रति उसके व्यापक कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान, नागरिकों को संघ के जनकल्याणकारी प्रकल्पों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और सामाजिक समरसता को लेकर चल रहे प्रयासों को साझा किया। संघ का यह 'गृह संपर्क अभियान' न केवल संगठन के इतिहास को याद दिलाता है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक पहुंचने और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाती है। इस अवसर पर वार्ड के युवागण सूरज निषाद, खोमेश कमल, जय कमल, अकाश उके, लव यादव, योगेश यादव अप्पू नाग, प्रकाश यादव, सतीश निषाद, दिगेश धीवर उपस्थित रहे।

# प्रतिबंध के बावजूद जिले के खेतों में धधक रही पराली, प्रदूषण और उर्वरा शक्ति पर संकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार ने खेतों में खरपतवार और फसल अवशेष (पराली/पैरा) जलाने पर सख्त रोक लगा रखी है। नियमों की अनदेखी करने पर भारी जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन जिले में ये नियम केवल कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं। धान की कटाई के बाद किसान खुलेआम खेतों में बचे हुए ठूंठ और पराली को जला रहे हैं, जिससे वायुमंडल में जहर घुल रहा है और जमीन की सेहत चौपट हो रही है। दुखद बात यह है कि प्रतिबंध और जुर्माने के बावजूद, जिले में अब तक एक भी किसान पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिलामुख्यालय लगे क्षेत्र मचेवा एवं उसके पास लगे गांवों के किसान रबि सिजन की फसल लेने के लिए अब खेत में फैले पराली/पैरा को जलाए जा रहें है। पराली जलाना एक ऐसी प्रथा है जिसका सीधा असर जमीन और हवा दोनों पर पड़ता है। जब किसान बचे हुए ठूंठ को जलाते हैं, तो इससे कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन और पार्टिकुलेट मैटर जैसी हानिकारक गैसें और कण उत्सर्जित होते हैं, जो सीधे वायु प्रदूषण का कारण बनते हैं। जिले में इन दिनों शाम के समय कई क्षेत्रों में धुंध और धुएं का माहौल देखा जा रहा है, जिसका सीधा कारण पराली दहन है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ ही, यह कृत्य जमीन की उर्वरा शक्ति पर भी जानलेवा हमला करता है। गर्मी के कारण मिट्टी की ऊपरी परत में मौजूद महत्वपूर्ण पोषक तत्व, जैसे नाइट्रोजन और फॉस्फोरस, नष्ट हो जाते हैं। जब विभाग से पूछा गया कि इस सीजन में अब तक कितने किसानों पर जुर्माना लगाया गया है, तो विभाग के पास कोई स्पष्ट या संतोषजनक जवाब नहीं है।

**खैरझिटी ग्राम कमेटी के कुंजु चेलक अध्यक्ष, कुसुमलता चेलक महिला टीम की अध्यक्ष**

# ईमानदार मुखिया ही समाज को सही दिशा दशा दे सकता है : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज तुमगांव परिक्षेत्र के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, सचिव रेखराज बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती के विशेष उपस्थिति में खैरझिटी ग्राम कमेटी की गठन किया गया।

बैठक में जिला सचिव रेखराज बघेल ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के गठन नियमावली, उद्देश्य व प्रदेश से लेकर जिला, ब्लॉक, अठगंवा, ग्राम इकाई के कार्यों को विस्तार से बताया। ग्राम कमेटी गठन सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, नशा उन्मूलन अभियान में जागरूकता लाने के लिए करने की बात कही। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने समाज को संगठित रहकर ऐसे मुखिया का चुनाव करने कहा कि जो निडर व ईमानदार हो तथा समाज के सेवा में 24 घंटे तैयार रहें। आज समाज को तोड़ने में समाज के ही कुछ स्वार्थी लोग लगे हैं ऐसे लोगों से हमें सावधान रहने की जरूरत है। ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती ने हक अन्याय व समाज में सुचिता लाने संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्य को बताया। बैठक में उपस्थित खैरझिटी समाजजनों ने सर्वसम्मति से ग्राम कमेटी का गठन किया। जिसमें कुंजु चेलक को अध्यक्ष व सरंक्षक रामजी कोशले, भंडारी जितेंद्र गायकवाड़, सलाहकार मनराखन जोशी, उपाध्यक्ष राकेश लहरे, हेतराम, विश्राम कोसले, श्यामलाल लहरे, सचिव ओम प्रकाश कोसले, कोषाध्यक्ष अशोक कोसले, सहसचिव बोधन चेलक, प्रवक्ता गोविंद ढीढी, मीडिया प्रभारी श्रवण जोशी, कार्यकारिणी सदस्य योगेश मन्हारे आदि मनोनीत किया गया। इसी प्रकार से महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कुसुम लता चेलक, उपाध्यक्ष गीताबाई मारकंडे, सचिव सुरेखा भास्कर को बनाया गया। बैठक का संचालन बेदराम गिलहरे अध्यक्ष तुमगांव परिक्षेत्र एवं आभार प्रदर्शन सचिव गोवर्धन खुंटे ने किया।

## खबर संक्षेप



### किसान के पत्नी से मिले भाजपाजन समिति का कर्ज होगा माफ

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के ग्राम सेनभाटा में किसान मनबोध के परिजनों से मिलकर अलका ने ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने 5000 की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदाय करते हुए किसान का 20000 का कर्ज भी सहकारी समिति द्वारा इस वर्ष धान नहीं काटे जाने के लिए आश्वस्त किया। मनबोध की पत्नि ने बताया कि इस वर्ष बेटी की शादी की चिंता भी उनके पति को थी। शादी उपरांत हम सब काम के सिलसिले में बाहर जाने वाले थे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, मनबोध के छोटे भाई के पुत्र, पार्षद थानू पांडे, नरेश चंद्राकर उपस्थित थे।

### भाजपा की बैठक कल

**महासमुंद।** भाजपा जिला संगठन द्वारा 10 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित है। यह बैठक भाजपा प्रदेश मंत्री एवं नवनियुक्त महासमुंद जिला संगठन प्रभारी जयंती पटेल के प्रथम जिला आगमन पर रखी गई है। जिला स्तर पर परिचयात्मक, संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर इस बैठक में विस्तार से चर्चा होना है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम आमापाली में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आमापाली के परीक्षित राणा पिता नरोत्तम राणा की घर बाड़ी से करीब 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### पूर्व नपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त होने बाद प्रथम नगर आगमन पर पूर्व नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने द्वारिकाधीश यादव का स्थानीय बग्गा चौक में मातृशक्तियों के साथ स्वागत किया।

**बैठक : आगामी विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र में भाजपा का लहराएगा परचम**

# भाजपा के चार मंडलों की संयुक्त बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के चार मंडल देवभोग, झाखरपारा, गोहरापदर एवं कांदाडोंगर की संयुक्त बैठक आज सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधानसभा प्रभारी एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद के प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और गर्मजोशी भरे अभिनंदन के साथ उनका स्वागत कर पूरे आयोजन में उत्साह का संचार किया। बैठक को संबोधित करते हुए आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि आने वाले समय में बिंद्रानवागढ़ में भाजपा विधायक बनाने का लक्ष्य सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और मेहनत से ही संभव होगा। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती, बूथ सक्रियता और निरंतर जनसंपर्क पर विशेष बल दिया। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार द्वारा महतारी वंदन जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने की



अपील की। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ हर कार्यकर्ता का सम्मान है और उसकी पूछ परख होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और सरकार की उपलब्धियों के दम पर आगामी विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराएगा। बैठक में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने संगठन मजबूती और जनता से जुड़ाव को भाजपा की आगामी सफलता की निर्णायक शक्ति बताया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री आशीष शर्मा भागीरथी मांझी कुंजबिहारी बेहरा जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी पदुलोचन जगत जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके,मनीष सिन्हा,नूरमती मांझी श्रुती ध्रुवा, पंडरा माली समाज अध्यक्ष नीलकंठ बीसी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर,जनपद अध्यक्ष पदमलया निधि मंडल अध्यक्ष जगमोहन पटेल भगवानों बेहरा भोजराम सिन्हा नवीन मांझी धनराज विश्वकर्मा, हलमन ध्रुवा, योगिराज माखन कश्यप, शोभाचंद्र पात्र नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील यादव,अजा मोर्चा जिला महामंत्री चौनसिंह कश्यप, तानसिंह मांझी, प्रकाश कश्यप, बेनुराम नागेश, यशवंत ध्रुवा, सोभित ध्रुवा, दुष्यंत पात्र, दीपक सागर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन बिंद्रानवागढ़ विधानसभा बीएलए चंद्रशेखर सोनवानी द्वारा किया गया।

# कांकेर कलेक्टर ने राजिम स्कूल की व्याख्याता समीक्षा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा एवं ग्राम पंचायत खमडोंगरी के संयुक्त तत्वावधान में कुरूमार्री पहाड़ पर दो दिवसीय औषधीय पौधों की खोज यात्रा एवं संरक्षण संवर्धन कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि नीलेश क्षीरसागर, कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की रसायन व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ को सम्मानित किया गया। इस ट्रैकिंग और संवर्धन कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियों, शिक्षकों, वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञों तथा स्थानीय वैधराजों ने पर्वतीय क्षेत्र में भ्रमण कर सैकड़ों औषधीय वनस्पतियों की पहचान की तथा इनके वैज्ञानिक संरक्षण, पारंपरिक उपयोग और औषधीय महत्व पर शोधपरक चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय कुमार मंडावी शिल्पकार, रायपुर आयुर्वेद विभाग से डॉ. पल्लवी क्षीरसागर, डॉ आशीष नायक धमतरी, डॉ. अलका मरकाम एमबीबीएस, सरपंच निर्मला निशा दुग्गा, अमिता मंडावी, सोनेलाल जुर्री, प्यार सिंह मण्डावी भूतपूर्व सरपंच, एल आर सिन्हा जन विज्ञान केन्द्र कांकेर तथा प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा से अभिषेक शुक्ला शामिल रहे। कार्यशाला के दौरान सेजेस राजिम की शिक्षिका समीक्षा गायकवाड़ को विज्ञान के प्रति सक्रियता, औषधीय पौधों की खोज



यात्रा में उत्कृष्ट भागीदारी तथा संरक्षण-संवर्धन गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए कलेक्टर द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। ट्रेकिंग यात्रा टीम में गरियाबंद से पूरनलाल साहू, ईश्वर दास गिलहरे, बस्तर से मनीष अहिर,लखन साहू, कुमार मण्डावी, राधिका साहू, भारती तिवारी, भुनेश्वर मरकाम, हेमंत उइके, चंद्रिका सिंह, अर्चना शर्मा, साहू, स्वाति गंधर्व, लीना ठाकुर, संदीप सेन,बृजलाल मण्डावी, राजेन्द्र ठाकुर, क्षमा उइके उपस्थित रहे। पूरा आयोजन कुरूमार्री पहाड़ एवं आसपास के वन क्षेत्र की जैव-विविधता, औषधीय ज्ञान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को एक नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

# सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने किया जंगल सफारी का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा से बाहर निकलकर प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से ज्ञान प्रदान करना था। पहले दिन कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों को जंगल सफारी के लिए ले जाया गया, जहाँ बच्चों ने विभिन्न वन्य प्राणियों, पक्षियों और प्राकृतिक वातावरण को नजदीक से देखा। इस यात्रा से बच्चों में प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और संरक्षण की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। दूसरे दिन कक्षा तीसरी से कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को धमतरी और गंगरेल बांध एवं आदि शक्ति माता अंगारमोति मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यहाँ बच्चों ने जल संसाधन, बांध की संरचना और उसके महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। शिक्षकों ने बच्चों को जल संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन पर भी मार्गदर्शन दिया। विद्यालय प्रबंधक जार्ज जेकब ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ उनमें टीमवर्क, अनुशासन और सामाजिक व्यवहार के गुण भी विकसित करते हैं। इसमें उन्होंने प्राचार्या शिक्षक शिक्षिकाओं नॉन टीचिंड स्टाफ, विद्यार्थियों को भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किए।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने नाइजीरिया में आयोजित जेरोंटोलॉजी अधिवेशन में की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रथम ग्लोबल हेरिटेज एंड जेरोंटोलॉजी के वर्चुअल अधिवेशन 2025 में आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने अपनी महत्वपूर्ण अकादमिक उपस्थिति दर्ज करवाई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार एवं मुख्य वक्ता के रूप में कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने इस अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में अपने विचार रखे। इस समिट में कई देशों के स्कॉलर, एजुकेटर, पॉलिसी थिंकर और सोशल डेवलपमेंट से जुड़े लोग एक साथ आए। प्रो. अनस इब्राहिम याहया, बेयरो यूनिवर्सिटी निजेरिया, प्रो. रयो ताकाशाशी, यूनिवर्सिटी ऑफ होक्काडियो जापान, अल्फाज अर्जिका अबू बकर रियामा, डायरेक्टर जनरल, इस्लामिक एजुकेशन ट्रस्ट निजेरिया, प्रो. सांता मिश्रा ओडिशा, डॉ. सुकन्या रे, एसोसिएट प्रोफेसर, सफोलोक यूनिवर्सिटी बोस्टन, प्रो. निबेदिता, स्टेट एडवाइजर, डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन गवर्नमेंट ऑफ ओडिशा और केइको कितागावा, प्रोफेसर, सागा यूनिवर्सिटी जापान ने बुजुर्गों की देखभाल के लिए इनक्लूसिव पॉलिसी




पर अपने विचार रखे। इस इवेंट का मकसद बुजुर्गों की देखभाल के लिए कल्चर, हेरिटेज और एजुकेशन-बेस्ड सॉल्यूशंस के मेल पर ग्लोबल बातचीत को बढ़ावा देना था।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं इस अधिवेशन के मुख्य वक्ता डॉ. बीपी भोल ने "बुजुर्गों के लिए नवाचार आधारित शिक्षा और समावेशी नीतिगत मॉडलः भारत और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में" समझाते हुए कहा कि भारत सहित विश्व के अनेक देशों में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में उनके लिए नवाचार आधारित शिक्षा मॉडल और समावेशी नीतियों का निर्माण समय की आवश्यकता है। उन्होंने भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत में निहित पारिवारिक मूल्यों, पारंपरिक सह-अस्तित्व तथा समुदाय आधारित देखभाल प्रणालियों को वैश्विक स्तर पर उपयोगी उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को ही सीखने-सीखने और प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम नहीं चलना चाहिए बल्कि उनके पास जो ज्ञान और अनुभव है उससे नई पीढ़ी को लगातार सीखते रहना चाहिए। स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और स्थिरता के लिए बुजुर्गों का अनुभव विश्व के लिए आधार बन सकते हैं। इस कार्यक्रम में आईएसबीएम विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग से डॉ पद्मलोचन राउत, डॉ जब्बार अहमद ने भी अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया।




# नवापारा से 16 श्रद्धालु बाबाधाम के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत नवापारा से 16 श्रद्धालु झारखंड देवपुर स्थित बाबाधाम की यात्रा के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओ को रवाना करने नगर पालिका चौक में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सभापति सहदेव कंसारी, पार्षद लुमेश्वरी साहू, नम्मू नारायण ध्रुव, भाजपा नेता धीरज साहू मौजूद थे। पालिका के नेताओं ने तीर्थयात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं को गुलाल चंदन लगाकर रवाना किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने श्रद्धालुओं की शुभ एवं सुखद यात्रा की मंगल कामना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बुजुर्गों एवं श्रद्धालुओं के लिए श्रवण कुमार का कार्य कर रही है। मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए श्रद्धालुओं की मंशानुरूप धार्मिक यात्रा करवाने का पुनीत कार्य छत्तीसगढ़ की साय सरकार लगातार कर रही है। बता दें कि शासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नवापारा से रायपुर तक बस से एवं रायपुर से बाबाधाम तक की यात्रा रेलगाड़ी से उपलब्ध करवाई है। रायपुर रेलवे स्टेशन में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने रेल को हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरूवात करवाई। विधायक इंद्रकुमार ने बोगियों में जाकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की एवं मंगल यात्रा की शुभकामनाएं दी।

# नगर पंचायत का आवारा कुत्तों का टीकाकरण अभियान जारी

**छुरा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शहरी क्षेत्र में आवारा कुत्तों से परेशान, संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की संख्या में वृद्धि को संज्ञान में रखते हुए जन सुरक्षा स्वास्थ्य एवं आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए नगर पंचायत छुरा अंतर्गत विशेष अभियान चलाया गया। शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आवारा कुत्तों को निकाय द्वारा गठित दल एवं पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त कार्यवाही से आवारा कुत्तों को पकड़कर टीकाकरण कर तथा डी वारमिंग का कार्य किया गया। निकाय क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड के लिए आवारा कुत्तों हेतु समर्पित भोजन स्थान का चिन्हांकन किया गया है। जिसमे वार्ड क्रमांक 10 कांजी हाउस के पास, वार्ड क्रमांक 07 शीतला मंदिर के पास, वार्ड क्रमांक 05 शिक्षक कालोनी के पास,वार्ड क्रमांक 04 बस स्टेंड एवं मिनी स्टेडियम के पास चिन्हांकित किया गया है। आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए आवश्यक संसाधन वाहन, पिंजरा, डॉग केचर एवं पशु



चिकित्सक की टीम की व्यवस्था किया गया है। नगर पंचायत छुरा के सार्वजनिक एवं संस्थागत क्षेत्रों में नसबंदी एवं टीकाकरण का कार्य किया जाएगा। इच्छुक पशु प्रेमी द्वारा स्ट्रीट डॉग को गोद लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उक्त कार्रवाई में मुख्य नगर पालिका के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पशु चिकित्सक रॉबिन सिंह, संतराम साहू, रामाधार यादव, मनोज दुबे, धनेश्वर नाग, मिथलेश कुमार सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, शोएब अली, दानेश्वर निर्मलकर, वेद प्रकाश मरकाम, दीपक साहू एवं सहकर्मी कार्य में लगे हैं।

# रजत जयंती वर्ष पर प्रथम अध्यक्ष उपाध्यक्ष और पार्षदों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने एवं नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा जिला बालोद के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष में नगर के समाजसेवियों द्वारा नगरपालिका के प्रथम अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसेविका समाजसेवी साहित्यकार लेखिका शिरोमणी माथुर अध्यक्षता पूरोबी वर्मा प्रथम नगरपालिका अध्यक्ष मंचासीन हुए। विशेष अतिथि के रुप में बिहारी लाल ठाकुर प्रथम उपाध्यक्ष, केडी चंद्राकर तत्कालीन सीएमओ सेवानिवृत्त, दिनेश सिंग ईई के के चंद्राकर नगरीय निकाय मंत्रालय कमल शर्मा वरिष्ठ पत्रकार रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। हीरालाल साहू शिक्षक नियुक्ति से पहले नगरपालिका दिल्ली राजहरा के वार्ड क्र 16 शहीद भगतसिंह वार्ड से प्रथम पार्षद होने के साथ साथ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं पुनर्वास विभाग के सभापति रहे उनके पंचवर्षीय कार्यकाल में वार्ड में विद्युतीकरण, बाल उद्यान, नल जल योजना, जल संरक्षण सोख्ता, झरण सौंदर्यीकरण के साथ साथ सीमेंट रोड नाली निर्माण आदि जनोपयोगी कार्य कराए लगातार तीन वर्षों तक रामचरित मानस की प्रतियोगिता कराए नगर के सभी उचित मूल्य दुकानों को जो व्यवस्थित किया आज पच्चीस वर्ष बाद उसी व्यवस्था में चल रहे हैं नगर के लिए उनके द्वारा किये गये योगदान के लिए उन्हे जनसेवा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।

# राजमिस्त्री कल्याण समिति के दिनेश साहू अध्यक्ष बने

**अभनपुर।** जय विश्वकर्मा राजमिस्त्री कल्याण समिति अभनपुर का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव मे सर्वसम्मति से दिनेश साहू को अध्यक्ष एवं शिव मेश्राम को सचिव पद के लिए चुना गया। दोनो निर्वाचित पदाधिकारियो को समिति मे उनके कार्यशैली,सरल स्वभाव व स्वच्छ छवि के लिए जाना जाता है जिसके चलते यह जिम्मेदारी दी गई है। उनके निर्वाचन पर समिति के सदस्य रामजी साहू,भूखन साहू,देवनारायण साहू,शेषनारायण साहू,रूपनारायण साहू,रोहित साहू,तुकाराम साहू,चुनुराम साहू सहित क्षेत्र के सभी ठेकेदारो ने बधाई दी है।



## पेज 9 के शेष...

### उदंती सीतानदी टाइगर...

टायगर रिजर्व गरियाबंद छत्तीसगढ़, के कुशल मार्गदर्शन में वाईल्ड लाईफ जस्टीस कमीशन इंडिया से प्राप्त सूचना के आधार पर एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद और वनमंडल नवरंगपुर (उड़ीसा) स्टॉफ के साथ संयुक्त रुप से टीम गठित कर 07 दिसम्बर को उमरकोट से लगे ढोर्स और सिमलीगोदरा के बीच 02 व्यक्ति को 01 नग जिंदा पेंगोलिन (सालखपरी) के साथ अवैध तस्करी करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ से आरोपी गोपाल पिता लुचू उम्र 42 वर्ष, ग्राम–सिमलीगोदरा (उड़ीसा), मनोज पिता नांदो उम्र 30 वर्ष, ग्राम मलकीगुड़ा (उड़ीसा) के निवासी होना बताया। आरोपियों से 01 नग 40 इंच लम्बा 9 किलो ग्राम वजन का जिंदा पेंगोलिन (सालखपरी), 01 नग मोटर सायकल (स्कूटी) उड़ीसा स्टॉफ के द्वारा जब्त कर जप्तीनामा तैयार किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध कायम कर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा के तहत गिरफ्तार कर 08 दिसंबर को दोनों आरोपियों को उमरकोट न्यायालय में पेश किया जावेगा। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में गरियाबंद पुलिस साइबर सेल प्रभारी सतीश यादव, सहायक संचालक उदंतीध्नोडल एन्टीपोचिंग गोपाल कश्यप, सहायक संचालक सीतानदी भोपाल सिंह राजपूत, वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उदंती चन्द्रबली ध्रुव, विजय खूंटे एवं एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद और वाईल्ड लाईफ जस्टीस कमीशन इंडिया एवं वनमंडल नवरंगपुर (उड़ीसा) स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

### राजिम कुंभ कल्प...

सुविधाओं का विकास क्षेत्र के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगा। **कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त रोशनी हो-** निरीक्षण के दौरान विधायक साहू ने स्थल पर चल रहे प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा उपायों एवं पार्किंग क्षेत्र की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। कहा कि मेले में आने वाले लोगों की सुविधा सर्वोपरि है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य द्वार, स्टॉल क्षेत्र और कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होनी चाहिए। भीड़ नियंत्रण एवं आपात स्थिति के लिए पुलिस व प्रशासन का संयुक्त प्लान तैयार किया जाए। आग से सुरक्षा हेतु फायर ब्रिगेड टीम और जरूरी उपकरण मैदान में उपलब्ध रहें। यह भी कहा कि मेला क्षेत्र के विकास के लिए अतिरिक्त बजट और सुविधाओं का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा, जिससे भविष्य में इसे और बेहतर बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा नेता राजू साहू, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश राजपूत, नरोत्तम जुगु ठाकुर, भरत यादव, श्री राजीव लोचन मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, सुमित्रा निराला,चौबेबांधा के सरपंच दुलीचंद टांडे, टुमेश साहू, एसडीओ पीडब्लूडी मनीष साहू, इंजीनियर माधव देवांगन सहित राजस्व विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी,कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप




### सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया बाबा साहेब अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**नवापारा-राजिम।** अभाविप इकाई ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की परिनिर्वाण दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर नगर के चंपारण चौक में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया। डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के मसीहा नहीं थे, उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लिए समान कार्य किया। उन्होंने संविधान के माध्यम से भारत के सभी लोगों के लिए स्वतंत्रता, समानता व बंधुता का आदर्श प्रस्तुत किया। शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का संदेश दिया तथा इसके माध्यम से सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया। डॉ. अंबेडकर एक प्रखर राष्ट्रवादी व मानवता के पुजारी थे। मौजूद कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, छत्तीसगढ़ महतारी की जय, वन्दे मातरम व डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहें के नारे लगाए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व नगर मंत्री दीपक साहू, नगर सह मंत्री दिपेश सेन, कोषाध्यक्ष अभिषेक कंसारी, नगर एसएफएस. प्रमुख आयुष रजक, खेलो भारत प्रमुख धर्मेन्द्र साहू, नगर कार्यकारिणी सदस्य सोम निर्मलकर, प्रेम साहू, जगमोहन साहू, श्लोक शर्मा सहित अभाविप के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### अग्निवीर फागेश्वरी का भव्य अभिनंदन



**राजिम।** परसदाजोशी के होनहार बेटी फागेश्वरी यादव अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी करके अपने गांव एक साल बाद लौटी है। इनके लौटने पर स्वागत के लिए पूरा गांव डीजे और बाजे-गाजे के साथ उमड़ पड़ा। गांव पहुंचते ही खूब पटाखे फोड़े गए। ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर पुष्प माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सरपंच गिनी-राजा सोनी, ग्राम पटेल, दौलत साहू, बोधन साहू, युवराज साहू, राजिम परिक्षेत्र यादव समाज के अध्यक्ष पूरन यादव, भारत यादव एवं परिवार के सभी लोगो ने पूरे गांव में भ्रमण कराते हुए जगह-जगह उनका स्वागत किया। घर में पहुंचने पर परिवार के लोगों ने थाल सजाकर तिलक वंदन कर आरती की।

## निधन

### हेमंत देवांगन

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत के फिंगेश्वर के सब इंजिनियर हेमंत देवांगन उम्र 44 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कांकेर में निकाली गई जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



**मनरेगा बना वरदान :** ग्राम हरदीभाठा के किसान सेवन को मछली पालन से हो रहा है लाभ

# डबरी निर्माण से किसान की जिंदगी में आई खुशहाली, मछली पालन ने बढ़ाई आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

कभी सिर्फ बारिश के भरोसे खेती किसानी करने वाला एक साधारण किसान मनरेंगा योजना के तहत डबरी निर्माण के बाद अब मछली पालन से उनके जिंदगी में खुशियां देखने को मिल रही है। एक छोटी सी डबरी ने जिंदगी में खुशियां ले आई है मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा के किसान को मनरेंगा योजना का लाभ मिल रहा है। ग्रामीण किसान सेवन पटेल पिता जयलाल के खेत में कई वर्षों से सिंचाई के लिए पानी की कमी रहती थी। बारिश का पानी बहकर निकल जाता था और खेत पूरी तरह सूखा रह जाता था। इस समस्या को दूर करने लिए मनरेगा के तहत डबरी निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया। ग्राम पंचायत हरदीभाठा में मनरेंगा योजना के तहत डबरी निर्माण कार्य 100 प्रतिशत मजदूरी पर आधारित था डबरी किनारो को मजबूत करने के लिए साइड कंटिंग और समतलीकरण किया गया, जिससे यह लंबी अवधि तक टिक सके। मनरेगा के तहत डबरी निर्माण से कई ग्रामीण परिवारों को सफलता मिली है। डबरी निर्माण से न केवल रोजगार सृजित हुआ है, बल्कि सिंचाई की सुविधा भी बढ़ी है, जिससे कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है। किसान सेवन पटेल जो कि बारिश के पानी से ही अपनी खेती बाड़ी का कार्य करते थें हर साल अनिर्श्चित बारिश और पानी की कमी के कारण खेती करने में मुश्किल हो रही थीं, जैसे-जैसे फसले अफसल हो रही थीं, आत्मविश्वास टूटता जा रहा था, पानी की कमी के कारण किसान पर्याप्त फसल नहीं ले पाते थे।

### डबरी निर्माण से आय के साधन में वृद्धि

ग्राम सभा के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा के तहत डबरी निर्माण के संबंध में जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इसके तहत बताया गया कि डबरी निर्माण होने से फसल उत्पादन ज्यादा किया जा सकता है। यह बात हितग्राही शेखर को समझ आ गई। इसलिए डबरी निर्माण



कराने का मन बनाया और आवेदन ग्राम पंचायत में जमा कराया। तत्पश्चात पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायत में प्रेषित किया गया। तकनीकी स्वीकृति पश्चात उक्त कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए जिला पंचायत प्रेषित किया गया। स्वीकृति होने के पश्चात कार्य को प्रारम्भ किया गया। किसान सेवन का खेत पूर्ण रुप से वर्षा पर निर्भर था। बरसात का पानी बह जाने से खेत सूखा रह जाता था और सिंचाई के अभाव में वे सिर्फ एक ही फसल ले पाते थे। उनकी इस समस्या का समाधान मनरेगा के अंतर्गत डबरी निर्माण को स्वीकृति देकर किया गया। डबरी बनने के बाद सेवन को कई तरह के बड़े लाभ प्राप्त हुए। किसान सेवन ने बताया अब बारिश का पानी डबरी में जमा होकर सिंचाई के लिए उपलब्ध रहता है डबरी निर्माण से आय के साधन में वृद्धि हुई,



जिससे ग्रामीण किसान आत्मनिर्भर बनते जा रहे हैं पशुओं के लिए पीने का पानी वर्षभर मिल रहा है खेत में फसल की पैदावार अधिक बढ़ गई स्थल का सदुपयोग हुआ डबरी निर्माण कार्य से आसपास खेतों का जलस्तर बढ़ा है किसान की आय बढ़ने से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई।

# पीजी सीट आवंटन नीति पर विवाद, डॉक्टरों छात्रों ने ब्लैक रिबन लगाकर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ में मेडिकल पीजी सीटो की नई वितरण व्यवस्था को लेकर डॉक्टर और मेडिकल छात्र ब्लैक रिबन पहनकर अपना सांकेतिक विरोध दर्ज कराये। तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी ब्लैक रिबन पहनकर विरोध दर्ज कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में पीजी मेडिकल सीटो को लेकर विवाद गहराता जा रहा है नई व्यवस्था से छत्तीसगढ के अपने मेडिकल छात्रे के साथ अन्याय होने की बात बताई जा रही है। नई नीति के अनुसार अब 50 प्रतिशत सीटे संस्थागत प्राथमिकता के लिए तय की गई है और शेश 50 प्रतिशत सीटे ओपन मैरिट कोटे में रखी गई है। पहले राज्य कोटे में संस्थागत प्राथमिकता के साथ डोमिसाइल आधारित आरक्षण भी लागू था इस व्यवस्था के चलते छत्तीसगढ़ के एमबीबीएस करने वाले छात्रे को पीजी सीटो पर प्रवेश के अधिक अवसर मिलते थे। छात्र व डॉक्टरो का तर्क है कि नया नियम बाहरी राज्यो के उम्मीदवारो को भी ओपन मैरिट के माध्यम से समान रूप से प्रतिस्पर्धा का अवसर देता है। इससे राज्य के मेडिकल ग्रेजुएट्स को नुकसान होगा इस बदलाव को वापस लेने और डोमिसाइल आधारित सुरक्षा बहल करने की मांग के साथ फेडरेशन और छात्र संगठनो ने यह सांकेतिक विरोध दर्ज कराया है।

# राष्ट्रीय जम्बूरी में जिले का प्रतिनिधित्व स्काउट्स एवं गाइड्स ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर




भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के दिशा निर्देशन में गरियाबंद जिला के प्रतिभागी भारत स्काउट एवं गाइड्स की 19 वीं राष्ट्रीय जम्बुरी तथा डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले में गरियाबंद जिला के स्काउट एवम् गाइड्स ने भागीदारी निभाई। उत्तरप्रदेश के लखनऊ में 23 से 29 नवम्बर तक 19 वीं राष्ट्रीय जम्बुरी तथा डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन वृन्दावन परिसर में हुआ, जिसमें देश विदेश से 35 हजार से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ से 363 के दल ने जम्बुरी मे भागीदारी की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उक्त दल में गरियाबंद जिला के 05 स्काऊट ओमनारायण साहू, कालेश्वर साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा विकास खंड फिंगेश्वर, शेखर मरकाम, ईश साहू, हर्ष साहू शासकीय उच्चतर माध्य कौदकेरा विकासखंड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद से एवम् 03 गाइड कुमारी डोगेश्वरी देवांगन, कु.रुपाली साहू, कु. कुमकुम टण्डन शासकीय उच्चतर माध्यध्यमिक विद्यालय परसदाकला वि.ख. फिंगेश्वर हैं।इनके साथ प्रभारी गिरवर यादव (व्याख्याता) सम्मिलित हुए और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ के



प्रतिभागियों की गार्चपास्ट, लोकनृत्य,फुडप्लाजा, स्किल ओ रामा, फिजिकल डिस्प्ले, कलर पार्टी, एथनिक फैशन शो, राज्य प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, स्टेट गेट, कैंप क्राफ्ट, चलित स्टेट झाँकी, कैंप फायर, टेंट पिचिंग, आदि प्रतियोगिता एवं गतिविधियों में भागीदारी कर ए एवम् बी ग्रेड हासिल किया। बस्तर की मोरिया ददा नृत्य एवम् राज्य झांकी में गरियाबंद जिला की गेंड़ी नृत्य, तीर कमान का प्रदर्शन देख पूरा जम्बूरी झूम उठा। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न एडवेंचर एवम फन एक्टिविटि का भी लुत्फ उठाया, प्रतिभागियों को उत्तरप्रदेश पुलिस विभाग द्वारा लगाया गया अत्याधुनिक हथियार एवम् अस्त्र शस्त्रेंकी जानकारी मिली। शिविर समापन के बाद छग राज्य के कंटीजेंट लीडर (स्काऊट) डॉ. पूनम साहू एवं सरिता पाण्डे (गाइड) के नेतृत्व में भगवान रामलला के भव्य मंदिर के दर्शन करने अयोध्याधाम संपूर्ण प्रतिभागी एवं प्रभारियों को ले जाया गया।

# परिवहन ठप होने से रसेला केंद्र पर संकट,17 हजार क्विंटल धान खुले में



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

धान उपार्जन केन्द्र रसेला में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला लगातार जारी है। परंतु अब तक उपार्जन केन्द्रों से धान का परिवहन प्रारंभ ही नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से रसेला धान उपार्जन केन्द्र में 17 हजार क्विंटल से अधिक धान खुले आसमान के नीचे रखा गया हुआ है। कलेक्टर द्वारा धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने के पूर्व से ही अधिकारियों को धान की खरीदी, जब्ती तथा बिचौलियों पर लगाम लगाएं जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं जिस पर कार्रवाई भी किया जा रहा है। परंतु आज तक धान परिवहन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसमें आगामी दिनों समितियों में धान रखने को लेकर स्थान की कमी भी हो सकती है। रसेला धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारी पंकज कुमार यादव ने बताया कि हमारे यहां बफर लिमिट 9 हजार 600 सौ क्विंटल का है। अभी तक 17 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है। परंतु धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद भी परिवहन कार्य को लेकर डीएमओ कार्यालय द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इसके कारण समितियों में धान परिवहन प्रारंभ ही नहीं हो सका है। प्रभारी ने बताया कि ऐसी स्थिति रही तो 4 से 5 दिन के बाद खरीदी का कार्य ठप होने की आंशका है। उपार्जन केन्द्रों में धान का स्टाक बढ़ता जा रहा है। फिलहाल खरीदें गए धान को पूर्ण रूप से सुरक्षित रखना प्रशासन के लिए चुनौती है। वहीं गरियाबंद जिला 6 लाख 73 हजार 495 क्विंटल धान खरीदकर छत्तीसगढ़ में दूसरे नंबर पर है।

# 24 कुण्डीय महायज्ञ का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

नारी सशक्तिकरण एवं राष्ट्र शौर्य समृद्धि के उद्देश्य से मंगलवार 9 दिसंबर को ग्राम रसेला में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा। शुभारंभ अवसर एक भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें महिलाएं व युवतियां पीले वस्त्र पहनकर सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाते हुए गायत्री मंदिर से गांव की हर गलियों से होते हुए शीतला तालाब पहुंचेगी। वहां गंगा पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर। कलशयात्रा मेन रोड होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचकर संपन्न होगा। तत्पश्चात विधि विधान से पूजाअर्चना कर मंत्रोच्चारण के साथ कलश की स्थापना की जावेगी। युवा क्रांति वर्ष के तहत गायत्री महायज्ञ व



सगीतमयी कथा प्रवचन के शुभारंभ होगा। यह कार्यक्रम 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगा। वेदमूर्ति तपोनिष्ट युगत्रधि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में यह आयोजन संपन्न होगा। इस आयोजन को लेकर रसेला सहित पूरे क्षेत्र में भत्तिमय वातावरण बन गया है। इस आयोजन को लेकर गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला रहा है। कलश स्थापना के बाद विधिवत रूप से 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा शुरू होती है। इस आयोजन में समाज सुधार और राष्ट जागरण का संदेश दिया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए गायत्री परिवार से रामअवतार यादव, चंदनसिंह ठाकुर, मालिक राम साहू, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, बिग्रेद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, धनीराम यादव, नंदू दास मानिकपुरी, कमलेश्वर नायक, जगतराम यादव, नंदकिशोर यादव, लोकराम ध्रुव, यशराम यादव, प्रीतम देवांगन, दयाराम निषाद, ओमप्रकाश यादव, सहित सभी गायत्री परिजनों के साथ समस्त ग्रामवासी तन मन धन से जुटे हुए हैं।

# संगठन की मजबूती एकमात्र लक्ष्य : सुखचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जिला कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का नगर आगमन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने काफी उत्साह के साथ स्वागत किया, उनके स्वागत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि पहली बार क्षेत्र के अंतिम छोर के व्यक्ति को जिला अध्यक्ष का अवसर मिला है इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी का हार्दिक आभार है, जिन्होंने कार्यकर्ताओं को पहचान और उन्हें कार्य करने का अवसर दिया, नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे और पार्टी के निर्देशों को सभी तक पहुंचाना है साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रदेश के जनता के विरोध में नीतियों को निर्धारण



किया जा रहा है इसका कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता विरोध करेंगे और जनता को जोड़ना होगा, उनके लिए सड़क पर उतरकर काम करेंगे, पार्टी के सभी पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी है इसमें सभी



को साथ लेकर कार्य किया जाएगा और संगठन को मजबूत किया जाएगा, प्रमुख ब्लॉक अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा वरिष्ठ कांग्रेसी नथमल शर्मा शैलेंद्र साहू नीरज ठाकुर, सुनील तिवारी, डीके ठाकुर, चिराग अली अब्दुल समद खान, प्रहलाद यादव, अवध साहू, यशवेंद्र शाह, माहेश्वरी शाह, रमेश शर्मा, समीम खान, हरीश यादव, सलीम मेमन, जय राम जगत, पन्नालाल ध्रुव, देव सिंह उपस्थित थे।

**बलरामपुर (बिरोड़ा) में श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन**

# वामन अवतार की दिव्य कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

समीपस्थ ग्राम बलरामपुर (बिरोड़ा) में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य एवं दिव्य आयोजन निरंतर भक्तिमय वातावरण का सृजन कर रहा है। आयोजन में ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी के शिष्य, राधारमण आश्रम वृन्दावन एवं औघड़ आश्रम राधानगर लफंदी के पूज्य श्री सिद्धेश्वरानंद जी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से भक्तों को कथा का अमृतपान करा रहे हैं।आयोजन स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। वातावरण में भक्ति संगीत, शंखनाद और तुलसी-माला की सुगंध पूरे परिसर को आध्यात्मिक आभा से भर रही है। वामन अवतार की दिव्य कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु-कल कथा के चौथे दिवस में पूज्य महाराज श्री ने भगवान विष्णु के पंचम अवतार वामन अवतार का पावन प्रसंग भक्तों को





सुनाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा बलि के दान और तप से त्रिलोक प्रभावित हो गए थे और देवताओं की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने ब्राह्मण बालक के रूप में जन्म लेकर राजा बलि से केवल तीन पग भूमि का दान मांगा।

**भक्तिमय कार्यक्रम जारी, आज होगा राम-कृष्ण जन्म प्रसंग-** महाराज श्री ने बड़े भावपूर्ण ढंग से वर्णन कर बताया कि पहले पग में भगवान वामन ने पृथ्वी लोक, दूसरे पग में स्वर्ग लोक नाप लिया और तीसरे पग के लिए जब स्थान नहीं बचा, तब राजा बलि ने अपने आप को अर्पित कर दिया। राजा बलि की भक्ति, तपस्या और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने उन्हें पाताल लोक का अधिपति तो बनाया ही, इसके साथ ही अपने अनन्य भक्त के रूप में अमर भी कर दिया। कथा के दौरान पूरा पंडाल 'जय वामन देव' और 'धर्मराज बलि की जय' के जयघोषों से गूंज उठा। भक्तिमय कार्यक्रम जारी-रोज हो रहा है प्रवचन एवं सांस्कृतिक आयोजन-कथा के साथ ही प्रतिदिन प्रातः काल भजन-कीर्तन, तथा संध्या में आरती का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिदिन रात में रामायण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है।ग्रामवासी और आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। महिलाओं और युवाओं की विशेष उपस्थिति से आयोजन और अधिक भव्य दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता एवं मुख्य यजमान तुकाराम साहू, नोखे साहू, राजेश साहू ने बताया कि सिद्धेश्वरानंद जी महाराज की वाणी सरल, मधुर और हृदयस्पर्शी है, जिससे कथा सुनते ही मन दिव्यता से भर जाता है। आज पांचवे दिवस की कथा में भगवान राम और कृष्ण जन्म की कथा का श्रवणपान महराज जी के श्रीमुख से होगा वहीं पर कृष्ण जन्मोत्सव का सजीव चित्रण भी किया जाएगा।

